# भारतीय जनता पार्टी

केन्द्रीय कार्यालय
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
फोन–23005700 फैक्स.23005787

**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष**
**श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तब्य**

नई दिल्ली, 16 फरवरी: भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने काँग्रेस पर ज़बरदस्त हमला बोलते हुये कहा है की "काँग्रेस दलाली के दबंगों का दरबार" बन गयी है।

श्री नक़वी ने आज यहाँ कहा की "कोल से लेकर काप्टर तक" दलाली और जन-धन की लूट का एक ही दरबार और उससे जुड़े दरबारी सौदों में सीधे शामिल पाये गए हैं। पिछले नौ वर्षों से हो रहे अधिकांश भ्रष्टाचार के मामलो की डोर भी इसी दरबार से जुड़ी साफ दिखाई पड़ रही है।

श्री नक़वी ने कहा की टाट्रा ट्रक, नेवल वार रूम, चेक पिस्टल और अब अगस्ता हेलीकाप्टर, इन सब देश की सुरक्षा से जुड़े सौदों में भी दलाली और घोटालों के तार एक ही दरबार से जुड़ना गंभीर एवं चिंता की बात है।

श्री नक़वी ने कहा की इस दलाली के दबंगों के गुनाह पर पर्दा डालने के बजाय सरकार को कड़ी और जल्द कार्यवाही करनी चाहिए, जांच को प्रभावित ना किया जा सके इसलिए ज़रूरी है की पूरे प्रकरण की जांच न्यायिक निगरानी में हो।

श्री नक़वी ने कहा की काँग्रेस एवं उसके नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार लगातार करप्शन का कीर्तिमान स्थापित करने पर लगी है, हर बार भ्रष्टाचार और घोटाला इस सरकार के पिछले भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड को स्वयं तोड़ता दिख रहा है।

श्री नक़वी ने कहा की महंगाई और आम लोगो पर लगातार बढ़ रहा बेलगाम बोझ, इस सरकार के संरक्षण में चल रही अंधाधुंध जन धन की लूट का नतीजा है।

ओ॰ पी॰ कोहली

मुख्यालय प्रभारी